भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता–साक्ष्य संश्लेषण (एविडेंस सिन्थेसिस)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी अपने तकनीकी भागीदार जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ, इंडिया के साथ मिलकर और एलायंस फॉर हेल्थ पॉलिसी एंड सिस्टम रिसर्च, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ–एएचपीएसआर) के सहयोग से एक एम्बेडेड रैपिड एविडेन्स सिन्थेसिस यूनिट (त्वरित साक्ष्य संश्लेषण इकाई (ईआरईएसयू) स्थापित करेगी और इसके लिए पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाताओं को नियुक्त करना चाहता है।

भूमिकाएं और दायित्वः

परामर्शदाता– साक्ष्य संश्लेषण, ईआरईएसयू के त्वरित साक्ष्य संश्लेषण विधि नेतृत्व और क्षमता विकास एवं कार्य नेतृत्व को सह–रिपोर्ट करेंगे और निम्नलिखित उद्देश्य के लिए एक टीम के रूप में कार्य करेंगेः

- विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियों के कार्यकर्ताओं से त्वरित समीक्षा अनुरोध प्राप्त करना और उनके साथ अंतिम रूप से सहमत त्वरित साक्ष्य संश्लेषण उत्पाद पर चर्चा करना।
- समय सारिणी के अनुसार त्वरित समीक्षा उत्पाद प्रदान करने के लिए उचित गुणवत्ता वाले त्वरित साक्ष्य संश्लेषण करना।
- विभिन्न हितधारकों को विभिन्न प्रारूपों में उत्पादों को प्रस्तुत करना।
- ईआरईएसयू उत्पादों को विभिन्न प्रारूपों में वितरित करना।
- त्वरित साक्ष्य संश्लेषण पर प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित करना।
- इस हेतु विभिन्न हितधारकों के साथ संपर्क स्थापित करने सहित, प्रचार–प्रसार कार्यक्रमों आयोजन और संचालन करना।
- ईआरईएसयू और उसके उत्पादों की विभिन्न मंचों पर और विभिन्न हितधारकों से पैरवी करना।
- सहकर्मी–समीक्षा वाले प्रकाशनों में योगदान करना।
- ईआरईएसयू की स्थिरता पर रणनीतिक दस्तावेज तैयार करने में योगदान करना और उसका कार्यान्वयन करना।
- ईआरईएसयू के प्रक्रिया मूल्यांकन में योगदान करना और उसका कार्यान्वयन करना।
- त्वरित साक्ष्य संश्लेषण और जानकारी के उपयोग के क्षेत्र में पद्धतिपरक अनुसंधान करना।
- ईआरईएसयू के भीतर सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों का पता लगाना और उन्हें दर्ज करना।
- ईआरईएसयू नेतृत्व, अथवा एनएचएसआरसी के कार्यकारी निदेशक द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यता और अनुभवः

- जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रणाली/स्वास्थ्य नीति/लोक नीति/सामुदायिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि। भारतीय चिकित्सा परिषद (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त डीपीएच उपाधि धारक भी आवेदन करने के पात्र हैं।
- 2 वर्ष का कार्य अनुभव।
- स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सुव्यवस्थित समीक्षा और मेटा–विश्लेषण/गुणात्मक साक्ष्य संश्लेषण/लागत–प्रभावशीलता सुव्यवस्थित समीक्षा करने की प्रदर्शित योग्यता।
- अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।
- स्वास्थ्य नीति और प्रणाली अनुसंधान की जानकारी/अनुभव।

वांछनीयः

- सुव्यवस्थित समीक्षाओं पर सहकर्मी–समीक्षा वाले प्रकाशन
- किसी भी शैली की त्वरित सुव्यवस्थित समीक्षा का प्रदर्शित अनुभव
- शोध विधियों/साक्ष्य संश्लेषण पर प्रशिक्षण/कार्यशालाओं के आयोजन का अनुभव
- स्वास्थ्य नीति और प्रणाली सुससंगत सुव्यवस्थित समीक्षा करने का प्रदर्शित अनुभव
- सीमित समय सीमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों सहित विविध टीमों में काम करने की प्रदर्शन योग्यता

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या सुसंगत क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को औपचारिक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 35 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 4 अक्टूबर, 2018 तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।